त्योहार पर घर लौटने वालों की भीड़, बसों में मारामारी

रामपुर, संवाददाता। दीपावली का त्योहार मनाने के लिए दूसरे शहरों में रह रहे लोगों के घर लौटने का सिलसिला तेज हो गया है। शुक्रवार को बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। बस आते ही उसमें सीट पाने के लिए यात्रियों के बीच धक्का-मुक्की और आगे निकलने की होड़ दिखाई दी। बढ़ती भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने बसों के फेरे बढ़ाने के साथ अतिरिक्त बसों का संचालन शुरू किया है।

दीपावली पर घर जाने और अपने शहर लौटने वाले यात्रियों के कारण सुबह से रात तक बस अड्डे पर चहल-पहल बनी रही। दिल्ली, हल्द्वानी और बरेली समेत प्रमुख रूटों पर यात्रियों की संख्या अधिक रही। बस अड्डे पर जैसे ही कोई बस पहुंचती, यात्री उसमें सवार होने के लिए दौड़ पड़ते। कई बसों में सीट पाने के लिए धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। बसों की जानकारी लेने के लिए पूछताछ काउंटर पर भी यात्रियों की भीड़ जुटी रही।

डिपो प्रभारी राम प्रकाश ने बताया कि रामपुर डिपो से करीब 60 से अधिक बसों का संचालन किया गया है। दिल्ली, हल्द्वानी और बरेली रूट पर अतिरिक्त बसें लगाई गई हैं। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बसों के फेरे भी बढ़ाए गए हैं।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग
23, एलनगंज, प्रयागराज-211002

पत्रांक 3462 /27 (2026) / अधियाचन (विज्ञापन) / 2026-27 दिनांक 06.11.2026

विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन संख्या-05/2026 के द्वारा विज्ञापित सहायक अध्यापक, शहरी (URBAN), बेसिक शिक्षा विभाग तथा सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी (अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय) माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि याचिका रिट 'ए' संख्या-11920/2026 अभिषेक पाठक व 44 अन्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया मिनिस्ट्री ऑफ एजूकेशन व अन्य में मा० उच्च न्यायालय द्वारा पारित अपने आदेश दिनांक 5 नवम्बर, 2026 में ऐसे सभी अध्यापक जो सेवा में हैं और NIOS द्वारा प्रदत्त D.El.Ed-ODL उत्तीर्ण हैं को भी अंतरिम रूप से आवेदन करने का अवसर दिया गया है।

अतएव ऐसे अध्यापक जो दिनांक 10.08.2017 को सेवा में थे व दिनांक 01.04.2019 के पूर्व से NIOS के माध्यम से 18 माह की D.El.Ed-ODL अर्हता धारित करते हों, अपना आवेदन निम्नवत् तिथि तक सबमिट (SUBMIT) कर सकते हैं :-

ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल पुनः खोले जाने की तिथि	06 नवम्बर, 2026
ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने एवं आवेदन करने की अन्तिम तिथि	11 नवम्बर, 2026
ऑनलाइन आवेदन में संशोधन की अन्तिम तिथि	13 नवम्बर, 2026
परीक्षा तिथि	03 व 04 दिसम्बर, 2026

नोट :- उक्तानुसार आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन मा० उच्च न्यायालय द्वारा प्रश्नगत रिट याचिका में पारित अंतिम आदेशों के अधीन रहेगा।

पत्रांक 3463 /27 (2026) / अधियाचन (विज्ञापन) / 2026-27 दिनांक 06.11.2026

उपसचिव

रामपुर में धनतेरस पर 200 करोड़ का कारोबार



धनतेरस पर रामपुर के बाजारों में इस बार धनवर्षा ने पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बीते वर्ष करीब 150 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था, जबकि इस बार धनतेरस पर ही 200 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ है। ऑटोमोबाइल से लेकर सराफा बाजार तक जबरदस्त रौनक रही। कारों की एडवांस बुकिंग ने रफ्तार पकड़ी तो सराफा बाजार में हल्के वजन की डिजाइनर ज्वेलरी महिलाओं की पहली पसंद बनी। बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल और कपड़ा बाजार में खरीदारों की भीड़ रही।

हल्की ज्वेलरी की लोगों ने की अधिक खरीददारी

सर्राफा



रामपुर, संवाददाता। नगर में शुक्रवार सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही शुरू हो गई थी। दिन चढ़ने के साथ बाजारों में भीड़ बढ़ती गई। लोगों ने शुभ मुहूर्त में सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान और सजावटी वस्तुओं की खरीदारी की। त्योहार पर खरीदारी को शुभ मानने की परंपरा के साथ लोगों ने अपने बजट और जरूरत के हिसाब से भी सामान चुना।

ग्राहकों ने बजट के साथ डिजाइन और रोजाना इस्तेमाल को भी प्राथमिकता दी। सराफा कारोबारी हमजा शाहजेब ने बताया कि इस बार हल्के वजन की ज्वेलरी की मांग अधिक रही। लोग कम वजन में आकर्षक डिजाइन वाले आभूषण पसंद कर रहे हैं। राजीव लोचन के मुताबिक धनतेरस पर सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी अच्छी रही।



शुक्रवार को धनतेरस पर ज्वाला नगर में खरीदारी को उमड़ी भीड़। ● हिन्दुस्तान

सभी बाजारों में नजर आया उत्साह

मोबाइल



रामपुर। धनतेरस पर शहर के लगभग सभी प्रमुख बाजारों में खरीदारी की रौनक रही। सराफा और ऑटोमोबाइल के साथ बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, कपड़ा और सजावटी सामान की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ जुटी। सुबह से शुरू हुआ खरीदारी का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। व्यापारियों के मुताबिक इस बार ग्राहकों ने परंपरागत खरीदारी के साथ घरेलू जरूरतों और अन्य सामान पर भी खर्च किया। वहीं, व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी ने बताया कि धनतेरस पर रामपुर में 200 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ है।

ऑटोमोबाइल बाजार में दिखा बूम

ऑटोमोबाइल



सिविल लाइंस स्तिथ एक कार के शोरूम से खरीदारी करते लोग । ● हिन्दुस्तान

रामपुर। धनतेरस पर ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी अच्छी चहल-पहल रही। कारों के साथ दोपहिया वाहनों की खरीदारी के लिए ग्राहक शोरूम पहुंचे। कई लोगों ने अपनी पसंद के मॉडल और रंग की गाड़ी पहले ही बुक करा रखी थी, जबकि कुछ ने धनतेरस के दिन खरीदारी को प्राथमिकता दी।

वाहन खरीदने को शुभ मानने की परंपरा के चलते सुबह से शाम तक शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। किया मोटर्स के मैनेजर सिद्धार्थ ने बताया कि धनतेरस को लेकर शोरूम में पहले से तैयारियां की गई थीं। अब तक करीब 35 कारों की बिक्री हो चुकी है, जबकि 25 कारों की एडवांस बुकिंग हुई है। ग्राहकों ने कंपनी के नए मॉडल में भी दिलचस्पी दिखाई। मनपसंद मॉडल और रंग की मांग को देखते हुए कई लोगों ने पहले ही बुकिंग करा ली थी। वहीं, दोपहिया वाहनों के बाजार में भी खरीदारी का उत्साह नजर आया। आरएन मोटर्स के प्रोपराइटर निर्मल सिंह ने बताया कि धनतेरस पर दोपहिया वाहनों की मांग अच्छी रही।

आग से बचाव को सौ कर्मचारी तैनात

रामपुर। दीपावली पर आतिशबाजी और अन्य कारणों से आग लगने की आशंका को देखते हुए अग्निशमन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए करीब सौ कर्मचारियों को अलर्ट किया गया है। विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। 20 छोटे-बड़े दमकल वाहन तैयार रखे गए हैं। वहीं, शहर के भीड़भाड़ वाले और संकरी गलियों वाले इलाकों में अग्निशमन उपकरणों से लैस बुलेट बाइक के जरिए दमकलकर्मी मुस्तैद रहेंगे। अग्निशमन विभाग के अधिकारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि दीपोत्सव को देखते हुए करीब सौ कर्मचारी हर समय तैयार रहेंगे।

स्टील, पीतल और तांबे के बर्तनों की रही अच्छी खरीद

बर्तन बाजार

रामपुर। धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा के चलते शहर के बर्तन बाजार में सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ जुटने लगी। शुभ मुहूर्त में खरीदारी के लिए पहुंचे लोगों ने स्टील, पीतल, तांबा और कांसे के बर्तनों को प्राथमिकता दी। इसके साथ ही कुकर, कड़ाही, डिनर सेट, गिलास और रसोई में इस्तेमाल होने वाले अन्य सामान की भी जमकर खरीदारी हुई।

छोटी-बड़ी दुकानों पर देर शाम तक ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। इस बार बाजार में पारंपरिक बर्तनों के साथ डिजाइनर क्रॉकरी और आकर्षक डिनर सेट भी ग्राहकों की पसंद बने। कई परिवारों ने रोजमर्रा की जरूरत के हिसाब से कुकर, कड़ाही और स्टील के बर्तनों के सेट खरीदे तो कुछ ने धनतेरस की परंपरा निभाने के लिए पीतल, तांबे और कांसे के बर्तनों की खरीदारी की। वहीं, मेहमानों की आवभगत और घर की साज-सज्जा के लिए आकर्षक डिजाइन वाले डिनर सेट और क्रॉकरी की ओर भी ग्राहकों का रुझान रहा। दुकानदारों के मुताबिक, धनतेरस के चलते सुबह से ही बाजार में ग्राहकों की चहल-पहल शुरू हो गई थी।

कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल (बहजोई)
कार्यालय पता:- राज्य राजमार्ग-51, गाटा संख्या-60, ग्राम बहटा जय सिंह, बहजोई जनपद सम्भल, 244410

पत्रांक 1046 / जि.पं.स. / नि.अनु. / पं.रा.वि. / 2026–27 दिनांक 05/11/2026

ई–निविदा सूचना

कार्यालय के पत्र संख्या 989/जि.पं.स./नि.अनु./पं.रा.वि./2026–27 दिनांक 27.10.2026 द्वारा वर्ष 2026–27 में जिला पंचायतों के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के सिंचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत 02 कार्यों की पुनः एवं 01 नवीन कार्य की निविदा दिनांक 04.11.2026 समय 04:00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी, जिसमें से टेण्डर नोटिस क्रमांक 02 पर न्यूनतम समान दर की वित्तीय बिड प्राप्त हो के कारण एवं 03 पर अंकित कार्य पर पर्याप्त बिड न आने के कारण पुनः ई–निविदा दिनांक 12.11.2026 समय 05:00 बजे तक पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती हैं, जिनके खोलने की कार्यवाही दिनांक 13.11.2026 को समय 10:30 बजे से निविदा समिति द्वारा की जायेगी। समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत एवं बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। उक्त विज्ञप्ति एवं निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न होने वाले अभिलेखों/शर्तों का सम्पूर्ण विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अथवा पोर्टल http://sambhal.nic.in, https://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

अभियन्ता, जिला पंचायत, सम्भल
अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सम्भल

रामपुर विकास प्राधिकरण, रामपुर

पत्रांक 1858/ आरडीए० / 2026-27 दिनांक - 06/11/2026

सार्वजनिक सूचना

रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा व्योमकेश आवासीय योजना के अन्तर्गत आवेदन पत्र क्रय / डाउनलोड करने तथा जमा करने की अन्तिम तिथि 06.11.2026 नियत की गई थी। प्राधिकरण द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उक्त योजना में आवेदन क्रय / डाउनलोड करने तथा जमा करने की अन्तिम तिथि 30.11.2026 तक बढ़ाई जाती है।

सचिव, रामपुर विकास प्राधिकरण, रामपुर

मिलक के बाजारों में उमड़ी भीड़

मिलक। धनतेरस के पर्व पर मिलक के बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, केमरी रोड और बिलासपुर रोड पर दिनभर खरीदारी को लेकर रौनक बनी रही। लोगों ने बर्तन, मिट्टी के दीपक, रंग-बिरंगी झालरें, खिलौने और पूजा सामग्री की जमकर खरीदारी की।

धनतेरस पर पुलिस के पहरे में रहे बाजार

रामपुर, संवाददाता। धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी भीड़ के बीच सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए चुनौती रहा। शहर के प्रमुख बाजारों में पुलिस का पहरा रहा। सराफा दुकानों पर विशेष निगरानी रखी गई तो चोरी और टप्पेबाजी की घटनाएं रोकने के लिए सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। वहीं, बाजारों में वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए प्रमुख रास्तों पर बैरियर लगाए गए। सिविल लाइंस क्षेत्र में भी जाम की समस्या से निपटने के लिए तीन स्थानों पर अतिरिक्त बैरियर लगाए गए।

शुक्रवार को धनतेरस पर सराफा बाजार, मिस्टन गंज, ज्वालानगर और सिविल लाइंस समेत प्रमुख बाजारों में सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ जुटने लगी थी। इसे देखते हुए पुलिस ने बाजारों के दोनों छोर पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की। किला पश्चिमी गेट, किला पूर्वी गेट और एसबीआई तिराहे से ई-रिक्शा और चारपहिया वाहनों का बाजार की ओर प्रवेश प्रतिबंधित किया गया। दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर खड़ा कराने की व्यवस्था की गई।

सराफा बाजार में देर रात तक दुकानें खुलने के चलते पुलिस की विशेष निगरानी रही। पुलिसकर्मियों ने गलियों में स्थित दुकानों पर जाकर दुकानदारों से संवाद किया। अधिक नकदी लेकर चलने वाले व्यापारियों को जरूरत के अनुसार सुरक्षा उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई।



धनतेरस के अवसर पर ज्वाला नगर में बर्तन की दुकान से खरीदारी करते लोग। ● हिन्दुस्तान

सिविल लाइंस में भी अतिरिक्त व्यवस्था

सिविल लाइंस क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के सामने वाली गली और टैक्सी स्टैंड रोड से ई-रिक्शा और कारें बाजार में पहुंच जाती थीं। इससे अक्सर जाम की स्थिति बनती थी। इसी समस्या को देखते हुए यातायात पुलिस ने टैक्सी स्टैंड रोड, रेलवे स्टेशन के सामने वाले गेट और इसी रोड के चौराहे पर बैरियर लगाए। इन तीनों स्थानों पर यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। यातायात प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि बाजार में जाम से निजात दिलाने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। ई-रिक्शा और कारों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंध के बावजूद कई लोग बाइक लेकर बाजार की गलियों तक पहुंच गए। दुकानों के बाहर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े नजर आए।

कार्यालय, नगर निगम, मुरादाबाद

पत्रांकः 196 / पी0एस0-2 / मु0अभि0 / न0नि0मु0 / 2026-27 दिनांकः 05/11/2026

—::ई–निविदा सूचना::—

नगर निगम मुरादाबाद द्वारा नगर निगम के समस्त पंजीकृत/पात्र ठेकेदारों/अनुभवी फर्मों हेतु सिविल कार्यों की ई–निविदाएं दिनांक 20.11.2026 की सायं 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांक 07.11.2026 से 20.11.2026 तक ऑनलाइन अपलोड की जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम, मुरादाबाद के सक्षम अधिकारी में निहित होगा। प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 21.11.2026 को सायं 4:30 बजे से मुख्य अभियन्ता कार्यालय पीलीकोठी में खोली जायेगी। कार्यों की विस्तृत सूचना एवं निविदा शर्तें वेबसाइट https://etender.up.nic.in एवं www.nagarnigammoradabad.in पर देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, मुरादाबाद

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
47वॉ(वि0 / यॉ0)वृत्त,लो0नि0वि0,मुरादाबाद

पत्रांकः 1496 / 3WE(SRE)-47/2026 दिनांकः– 30 / 10 / 2026

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (अल्पकालीन निविदा)

महामहिम राज्यपाल महोदय् उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, 47वां (वि0/यॉ0) वृत्त, लो0नि0वि0, मुरादाबाद द्वारा निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.inएवं प्रहरी http://wms.uppwd.gov.in/Praharके माध्यम से कॉलम 11 के अनुसार विद्युत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दरों के आधार पर अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को परामर्श दिया जाता है कि निविदा की नियम व शर्तों का भली भांति अध्ययन कर लें।

1. कार्य का विवरणः

क्र सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) जी0एस0टी0 अतिरिक्त	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी सहित	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	निविदा हेतु पात्रता
1	2	3	4	5	6	8	9	10	11
1	जनपद सहारनपुर के अन्तर्गत देवबन्द राजकीय कन्या इंटर कॉलेज से तल्हेडी खुर्द मानकी होते हुए मीरगपुर मार्ग तक चौडीकरण एवं सुद्रणीकरण के कार्य मे विद्युत लाइन/पोल को स्थानांतरित किये जाने का कार्य ।	44.30 लाख	4.22 लाख	6 माह	रू0 2354	अधिशासी अभियन्ता, यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0, सहारनपुर	अधीक्षण अभियन्ता, 47 वॉ वि0/यॉ0 वृत्त, लो0नि0वि0, मुरादाबाद	मुख्य अभियन्ता, पश्चिमांचल (वि0/यॉ0), लो0नि0वि0, मुरादाबाद	लो0नि0वि0 में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ए श्रेणी के ठेकेदार एवं 11 KV HT& LT लाइनों की शिफ्टिंग करने का अनुभव प्राप्त हो।
2	जनपद सहारनपुर के अन्तर्गत खेडा अफगान हरपाल उमहि कलां (घसौती) रामपुर मनिहारान मार्ग (अ.जि.मा.) के चौनेज 7.000 से 14.300 तक चौडीकरण एवं सुद्रणीकरण के कार्य मे विद्युत लाइन/पोल को स्थानांतरित किये जाने का कार्य।	29.74 लाख	2.98 लाख	6 माह	रू0 854				

निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईटhttp://etender.up.nic.inएवं प्रहरी http://wms.uppwd.gov.in/Praharी के माध्यम से दिनांक 16.11.2026 प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 25.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। प्राप्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.11.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। इच्छुक एवं सम्बन्धित ठेकेदार विस्तृत जानकारी हेतु उपरोक्त वेब साईड पर लॉगिन करें।

शासनादेश संख्या 1/2016/3070/78–2–2018/2071(22) दिनॉक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी बिड खोलने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

(मनीष सोनकर)
अधिशासी अभियन्ता
यॉंत्रिक खण्ड, लो0नि0वि0,
सहारनपुर

(संदीप कुमार सक्सेना)
अधीक्षण अभियन्ता
47 वॉ (वि/यॉ0)वृत, लो0नि0वि0
मुरादाबाद

UP-260540, Dt. 05.11.2026
Website : www.upgov.nic.in

भारतीय स्टेट बैंक — **बिक्री की सूचना**

शाहवाद रामपुर

07.11.2026 को चल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री के लिए सूचना

'फाइनेंशियल एसेट्स के सिक्युरिटाइज़ेशन और रिकंस्ट्रक्शन और सिक्योरिटी इंटरेस्ट के एनफोर्समेंट एक्ट, 2002' के तहत चल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के तहत, आम जनता और खास तौर पर उधार लेने वाले (Borrower/s) और गारंटी देने वाले (Guarantor/s) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे बताई गई चल संपत्ति (movable property), जो सिक्योर्ड क्रेडिटर (State Bank of India) के पास गिरवी रखी गई थी और जिसका मौतिक कब्ज़ा अधिकृत अधिकारी (Authorised Officer) ने ले लिया है, उसे बैंक के बकाया की वसूली के लिए 05.11.2026 को "जैसा है, जहाँ है" (As is where is) और "जो कुछ भी है" (Whatever there is) के आधार पर बेचा जाएगा, जिसका विवरण इस प्रकार है:-

इच्छुक बोली लगाने वाले ई-नीलामी खत्म होने से पहले Baanknet के पास अपनी प्री-बिड EMD जमा कर सकते हैं। प्री-बिड EMD बोली लगाने वाले के खाते में तभी क्रेडिट की जाएगी जब Baanknet को अपने बैंक खाते में पेमेंट मिल जाएगा और वह ई-नीलामी वेबसाइट पर यह जानकारी अपडेट कर देगा। बैंकिंग प्रक्रियाओं के कारण इसमें कुछ समय लगता है, इसलिए बोली लगाने वालों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी भलाई के लिए आखिरी समय की किसी भी परेशानी से बचने के लिए प्री-बिड EMD काफी पहले जमा कर दें। ई-नीलामी की तारीख/समय: 26.11.2026 को सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक (6 घंटे), जिसमें 10-10 मिनट के अनलिमिटेड सेशन होंगे।

नीलामी की तारीख: 24/11/2026 सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक

EMD जमा करने की तारीख: 24/11/2026 सुबह 10:00 बजे से 26/11/2026 दोपहर 03:00 बजे तक

क्र.सं.	लोन खाते का विवरण और उधार लेने वाले का नाम	वसूली के लिए बकाया राशि	वाहन विवरण	रिजर्व प्राइस (रु.) - वह कीमत जिससे कम पर प्रॉपर्टी नहीं बेची जा सकती। / अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) रिजर्व प्राइस का 10% / बोली बढ़ाने की राशि	अधिकृत अधिकारी का नाम
1	खाता सं. 41249774873 उधार लेने वाला: सुरेश चन्द्र पुत्र राम भरोसे लाल	874271/- + interest	गाड़ी Mahindra Xuv 300 Black (2022) रजिस्ट्रेशन UP22AX3936 इंजन नंबर TYNZH33042 चेसिस नंबर MA1NMZTY1N2H159768	₹5,00,000/- ₹50,000/- बोली में बढ़ोतरी ₹10,000/-	आकाश राज गौड़

वह अकाउंट/वॉलेट जिसमें बयाना राशि (Earnest Money) जमा की जानी है: बोली लगाने वाले का अपना वॉलेट, जो Baanknet की ई-ऑक्शन साइट पर उपलब्ध है: https://baanket.com/eauction-psb-eproc-listing पर NEFT/RETS के ज़रिए रजिस्टर करें। रिजर्व प्राइस के लिए बयाना राशि, बोली लगाने वाला अपने बैंक अकाउंट से NEFT के ज़रिए ट्रांसफर कर सकता है। इसके लिए Baanknet की ई-ऑक्शन साइट (https://baanknet.com/eauction-psb/proc-listing) पर बने अपने बोलीदाता अकाउंट में जनरेट हुए जालान का इस्तेमाल करना होगा। किसी भी मदद के लिए कृपया Baanknet हेल्पडेस्क: +918291220220, Support BAANKNET@psbaillance.com और/या अधिकृत अधिकारी को कॉल करें।

ई-ऑक्शन की शर्तें और नियम इस प्रकार हैं:

(1) ई-ऑक्शन "जैसा है, जहाँ है" (AS IS WHERE IS), "जैसा है, जो है" (AS IS WHAT IS) और "जो कुछ भी है" (WHATEVER THERE IS) के आधार पर और "ऑनलाइन" आयोजित किया जाएगा। ऑक्शन बैंक के अधिकृत सर्विस प्रोवाइडर Banknet द्वारा उनके वेब पोर्टल https://baanknet.com/eauction-psb/proc-listing पर आयोजित किया जाएगा।

(2) बैंक के पास ऑक्शन को रद्द करने/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

(3) वाहन बैंकिंग घंटों के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

(4) सफल बोली लगाने वाले को सफल बोली राशि यानी बिक्री मूल्य पर लागू GST का भुगतान करना होगा।

(5) अधिकृत अधिकारी की जानकारी और ज्ञान के अनुसार, प्रॉपर्टी (प्रॉपर्टीज) पर कोई भार/देनदारी (encumbrances) नहीं है। हालाँकि, बोली लगाने के इच्छुक लोगों को अपनी बोली जमा करने से पहले भार/देनदारी, ऑक्शन के लिए रखी गई प्रॉपर्टी (प्रॉपर्टीज) के मालिकाना हक और प्रॉपर्टी (प्रॉपर्टीज) को प्रभावित करने वाले किसी भी दावे/देनदारी/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जाँच-पड़ताल कर लेनी चाहिए।

ई-ऑक्शन का विज्ञापन बैंक की कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं माना जाएगा। (6) यह प्रॉपर्टी सभी यौनुदा और भविष्य के बोझ (encumbrances) के साथ बेची जा रही है, चाहे वे बैंक को पता हों या न हों। अधिकृत अधिकारी किसी भी संभावित पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाया राशि के लिए किसी भी तरह से जिम्मेवार नहीं होंगे।

सफल बोली लगाने वाले की अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) को बिक्री की कीमत का हिस्सा मान लिया जाएगा और असफल बोली लगाने वाले की अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) वापस कर दी जाएगी। अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। सफल बोली लगाने वाले को अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली की कीमत स्वीकार किए जाने पर और बिक्री के 15वें दिन या उससे पहले बिक्री मूल्य का 25% जमा करना होगा। यदि सफल बोली लगाने वाला राशि जमा करने में विफल रहता है, तो पहले से जमा की गई पूरी राशि जब्त कर ली जाएगी और प्रॉपर्टी को ई-नीलामी के लिए रखा जाएगा; साथ ही, चूक करने वाले बोली लगाने वाले का प्रॉपर्टी या जमा राशि पर कोई दावा/अधिकार नहीं होगा।

(7) बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया बैंक के सर्विस प्रोवाइडर के वेब पोर्टल https://baanknet.com/eauction-psb/proc-listing और ई-नीलामी वेबसाइट https://BAANKET.com पर दिए गए लिंक को देखें।

दिनांक : 07.11.2026 स्थान: रामपुर प्राधिकृत अधिकारी: भारतीय स्टेट बैंक, रामपुर

सरस्वती शिशु मंदिर में हुई कक्षा साज सज्जा प्रतियोगिता

टांडा। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को दीपावली से पूर्व धनतेरस के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति कक्षा साज सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी-अपनी कक्षाओं को हस्तनिर्मित वस्तुओं और आकर्षक रंगोलियों से सजाया। छात्र छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा और कलात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

आयुर्वेदिक चिकित्सालय में भगवान धन्वंतरि का पूजन

रामपुर। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर में भगवान धन्वंतरि का पूजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। इस दौरान चिकित्सालय परिसर में दीप प्रज्ज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। चिकित्सा अधिकारी डॉ. शालिनी गंगवार ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और निरोगी जीवन की कामना की। कार्यक्रम में चिकित्सालय के कर्मचारियों ने भी भाग लेकर भगवान धन्वंतरि का स्मरण किया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक राजीव कुमार, अर्चना गुप्ता और अरुण कुमार मौजूद रहे।

स्टेडियम में हॉकी बालिकाओं ने दीप जलाकर मनाई दीपावली

रामपुर। शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में हॉकी बालिका खिलाड़ियों ने दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। खिलाड़ियों ने हॉकी मैदान को दीपों से सजाकर रोशन किया। इसके बाद पटाखे और फूलझड़ियां जलाकर एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसमें सभी जाति और धर्म के खिलाड़ियों की सहभागिता आपसी सौहार्द और एकता की खूबसूरत मिसाल पेश करती है।